भारत-फिलीपींस

drishtiias.com/hindi/printpdf/india-philippines

प्रीलिम्स के लिये:

भारत-फिलीपींस व्यापार सम्मेलन, 4th आसियान-भारत व्यापार सम्मेलन, एक्ट ईस्ट पॉलिसी

मेन्स के लिये:

भारत-फिलीपींस संबंध

चर्चा में क्यों?

भारत के राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद ने 19 अक्तूबर, 2019 को मनीला, फिलीपींस में **भारत-फिलीपींस व्यापार सम्मेलन (India-Philippines Business Conclave)** तथा **4th आसियान-भारत व्यापार सम्मेलन (4th ASEAN- India Business Summit)** को संबोधित किया।

भारत-फिलीपींस व्यापार सम्मेलन (India-Philippines Business Conclave):

- इसके तहत दोनों देशों का लक्ष्य फिलीपींस के **'बिल्ड, बिल्ड, बिल्ड' परियोजना** (**Build, Build, Build Project)** तथा भारत के **'मेक इन इंडिया'(Make In India)** को एकीकृत करना है जिससे दोनों देशों की कंपनियों तथा निवेशकों के लिये बुनियादी ढाँचा पहल द्वारा काफी अधिक अवसर उपलब्ध हो सकें।
- सम्मेलन में कहा गया कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार में निरंतर प्रगति हुई है तथा समग्र व्यापार में **सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र** महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।
- सम्मेलन में यह भी कहा गया कि फिलीपींस में भारतीय कंपनियों के निवेश और उपस्थिति के रूप में भारत का द्विपक्षीय आर्थिक जुड़ाव बढ़ोतरी पर है। **भारत-फिलीपींस व्यापार बढ़कर 2.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर** तक पहुँच गया है।
- हाल के वर्षों में भारत-फिलीपींस ने बुनियादी ढाँचे और ऊर्जा क्षेत्रों में द्विपक्षीय निवेश में वृद्धि की है। साथ ही फिलीपींस में एलएनजी (Liquefied Natural Gas- LNG) पाइपलाइनों, अपशिष्ट प्रबंधन समाधान तथा हवाई अड्डे के टर्मिनलों जैसी ठोस परियोजनाओं में **भारतीय निवेश** बढ़ा है।

- सम्मेलन में दोनों देशों ने एक **पर्यटन संवर्द्धन समझौते (Tourism Promotion Agreement)** पर हस्ताक्षर करने के बारे में भी सहमति व्यक्त की।**4th आसियान-भारत व्यापार सम्मेलन (4th ASEAN- India Business Summit):**
    - इस सम्मेलन का उद्देश्य प्रत्येक आसियान देश तथा भारत के बीच आर्थिक और व्यापारिक संबंधों को उन्नत करना है।
    - आसियान-भारत संबंध अत्यंत महत्त्वपूर्ण है क्योंकि भारत की **'एक्ट ईस्ट नीति' (Act East Policy)** इस क्षेत्र को भारत-प्रशांत संबंधों के साथ केंद्र में रखती है।
    - हालाँकि पिछले कुछ वर्षों में आसियान-भारत व्यापार में काफी वृद्धि हुई है तथा दोनों पक्षों ने वर्ष 2022 तक 200 बिलियन अमेरिकी डॉलर के लक्ष्य तक पहुँचने का लक्ष्य रखा है।

भारत- फिलीपींस संबंध:

- भारत वर्ष 2019 में फिलीपींस के साथ राजनयिक संबंधों की **70वीं वर्षगाँठ** मना रहा है। इस अवसर पर भारत के राष्ट्रपति ने क्विज़ोन शहर के मरियम कॉलेज में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया।
- भारत और फिलीपींस दोनों देशों ने स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद **1949 में औपचारिक रूप से राजनयिक संबंध** स्थापित किये।
- ऐतिहासिक साझा मूल्यों और समानताओं के साथ दोनों देश अपने संबंधों को बेहतर करने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रहे हैं।
- भारत ने **1992 में लुक ईस्ट पॉलिसी** की शुरुआत करते हुए आसियान के साथ साझेदारी में वृद्धि की जिसके फलस्वरूप फिलीपींस के साथ द्विपक्षीय और क्षेत्रीय संबंधों में भी तेज़ी आई।
- **एक्ट ईस्ट पॉलिसी (Act East Policy)** के तहत भारत-फिलीपींस संबंधों में अधिक विविधता देखने को मिली है।
- भारत का फिलीपींस के साथ एक **सकारात्मक व्यापार संतुलन** है।
- वर्तमान में फिलीपींस भारतीय छात्रों के लिये एक गंतव्य के रूप में उभर रहा है।

स्रोत: पीआइबी